
वर्ष - 3 , अंक - 197
छपरा
22 जून सोमवार 2026
पृष्ठ - 04
दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## : ब्रीफ बॉक्स :

### खेड़ा बोले- मोदी जो बोलते नहीं, थरूर सुन लेते हैं

**कांग्रेस सांसद ने जी-7 समिट में भारतीय नाविकों का मुद्दा उठाने पर पीएम की तारीफ की थी**



**नई दिल्ली,एजेंसी।** पीएम मोदी के जी-7 समिट में भारतीय नाविकों का मुद्दा उठाने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने तारीफ की थी। अब थरूर की पार्टी के लोग ही उनकी आलोचना कर रहे हैं।

पवन खेड़ा ने शनिवार को थरूर पर तंज कसते हुए कहा- मेरे सीनियर सहयोगी शशि थरूर पीएम मोदी की तारीफ के लिए कुछ भी कर सकते हैं। अब वे वो बातें भी सुन सकते हैं जो मोदी ने कभी कही ही नहीं।दरअसल 18 जून को फ्रांस में जी-7 समिट के दौरान पीएम ने ट्रम्प से मुलाकात के दौरान भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा उठाया था। थरूर ने कहा था कि पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने भारत का पक्ष साफ कर दिया था।

### ट्रम्प बोले-अमेरिका होर्मुज में टोल लगा सकता है

**इससे मिडिल-ईस्ट में सुरक्षा पर खर्च की भरपाई करेंगे**

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अगर ईरान के साथ 60 दिनों में कोई समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका भविष्य में होर्मुज स्ट्रेट में टोल लगाने पर विचार कर सकता है। यह शुल्क मिडिल-ईस्ट में सुरक्षा पर हुए अमेरिकी खर्च की भरपाई के लिए होगा।

हालांकि उन्होंने साफ किया कि सीजफायर के दौरान अगले 60 दिनों तक होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर कोई टोल नहीं लगाया जाएगा। 60 दिन खत्म होने के बाद भी टोल नहीं लगाया जाएगा, जब तक यह अमेरिका की तरफ से नहीं लगाया गया होता।

इस बीच अमेरिका और ईरान शांति वार्ता के लिए स्विट्जरलैंड पहुंच चुके हैं। अमेरिकी डेलिगेशन में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर हैं। वहीं, ईरानी डेलिगेशन का नेतृत्व विदेश मंत्री अब्बास अराघच कर रहे हैं। संसद स्पीकर बाघेर गालिबाफ भी बातचीत में शामिल होंगे।

### दावा : ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर आज इस्तीफा दे सकते हैं

**पार्टी के 100 सांसद खिलाफ; 10 साल में 5 पीएम ने कार्यकाल से पहले पद छोड़ा**



**लंदन,एजेंसी।**ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर सोमवार को इस्तीफे का ऐलान कर सकते हैं। साथ ही वे अपने पद छोड़ने का रोडमैप भी बता सकते हैं। यह दावा ब्रिटेन के अखबार 'द ऑब्जर्वर' की रिपोर्ट में किया गया है।रिपोर्ट के मुताबिक स्टार्मर ने कैबिनेट मंत्रियों, सलाहकारों और ट्रेड यूनियन नेताओं से बातचीत के बाद तय किया है कि उनका पद पर बने रहना अब मुश्किल है। हालांकि, रॉयटर्स के मुताबिक सरकारी सूत्रों ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि स्टार्मर अभी भी प्रधानमंत्री के तौर पर अपने काम करने पर ध्यान दे रहे हैं।



### हिमालय से हिंद महासागर तक दिखी योग शक्ति

# कोलकाता में मोदी बोले: 70 की उम्र में 50 जैसा दिखें

## योग इसमें मददगार, यह सबको जोड़ता है; पीएम ने 5 आसन किए, लोगों को सिखाया

**कोलकाता,एजेंसी।** पीएम मोदी रविवार को कोलकाता में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह शामिल हुए। उन्होंने कहा- हमारा लक्ष्य 40 साल की उम्र में 20 साल की उम्र से ज्यादा लचीले होना, 50 साल की उम्र में 30 से ज्यादा ऊर्जावान और 70 की उम्र में 50 साल से ज्यादा स्वस्थ रहना होना चाहिए।

पीएम ने कहा कि योग दुनिया का सबसे बड़ा सामुदायिक उत्सव बन चुका है, जो लोगों, देशों और संस्कृतियों को एक साथ जोड़ता है। उन्होंने कहा कि 21 जून, जो पृथ्वी का सबसे लंबा दिन माना जाता है, अब पूरी दुनिया में योग दिवस के रूप में मनाया जाता है।पीएम के साथ कोलकाता के ऐतिहासिक 'रेड रोड' पर हजारों लोगों ने योग किया। पीएम ने ताड़ासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, त्रिकोणासन सहित 5 आसन किए। कॉमन प्रोटोकॉल योग सत्र के दौरान पीएम लोगों के बीच पहुंचे और उनकी योग मुद्राओं को सुधारने में मदद करते नजर आए।12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम Yoga for Healthy Ageing यानी बढ़ती उम्र के लिए योग है। इस थीम का मकसद यह बताना है कि योग सिर्फ फिटनेस का माध्यम नहीं, बल्कि उम्र बढ़ने के साथ शरीर, मन और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का भी तरीका है।



**मोदी बोले- योग पर्सनल लाइफस्टाइल नहीं, बल्कि जरूरत बन गया है:** कहा- आधुनिक समय में जीवन के असतुंलन से जूझ रहे हैं। उन्हें मशक्कत करनी पड़ रही है। योग में बैलेंस जीवन जीने की कला सिखाता है। जब हम हमारे शरीर को सही तरीके से चलाना सीख लेते हैं तो स्वास्थ्य हमारा स्वाभव बन जाता है। योग केवल सिर्फ शरीर के स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य का मार्ग भी दिखाता है। हमें क्या करना चाहिए क्या नहीं करना चाहिए, इसका बोध योग करवाता है। योग आज के सिर्फ हमारी पर्सनल लाइफस्टाइल के लिए जरूरी है, इतना ही नहीं है, बल्कि ये एक जरूरत भी है। योग दिवस के मौके पर करोड़ों लोग योग से जुड़ते हैं, आइए हम संकल्प ले योग को सिर्फ एक दिन या कार्यक्रम तक सीमित नहीं रखेंगे।भारत में, हिमालय से लेकर हिंद महासागर तक, और पूर्व में पूर्वोत्तर और बंगाल से लेकर पश्चिम में सौराष्ट्र तक, पूरा देश योग की ऊर्जा से भरा हुआ लगता है।

**योग केवल शारीरिक श्रम का साधन नहीं है:**पीएम ने कहा- योग दिवस के मौके पर बंगाल में होना बहुत खास है। बंगाल की पवित्र भूमि, जहां विवेकानंद जैसे लोग ने योग से दुनिया को परिचित किया। लहिरि महाशय जैसे महान योगियों ने परंपरा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। आज उसी धरती पर सामूहिक योग का अनुभव अलग आध्यात्मिक अनुभव दे रहा है।

### कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जारी

# शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर जंतर-मंतर पर रातभर धरना; दीपके ने क्रिकेट खेला

**नई दिल्ली,एजेंसी।** नीट पेपर लीक के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) का जंतर-मंतर पर रविवार को दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर रातभर जंतर-मंतर पर बैठे रहे।

CJP फाउंडर अभिजीत दीपके और उनके समर्थक शनिवार रात से जंतर-मंतर पर डटे हुए हैं। वे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

दिल्ली पुलिस ने शनिवार शाम 5 बजे के बाद प्रदर्शन की अनुमति खत्म होने की बात कहकर जगह खाली करने के लिए कहा था। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी रातभर जंतर-मंतर पर बैठे रहे।




दीपके ने लोगों से आंदोलन का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने NEET री-एग्जाम देने वाले छात्रों से भी परीक्षा के बाद प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की।इससे पहले शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अगर धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते हैं, तो वे 27 जून से अनशन शुरू करेंगे।

**पानी और लाइट को लेकर शिकायत**

अभिजीत ने आरोप लगाया कि शनिवार रात जंतर-मंतर पर टॉयलेट्स में पानी नहीं आ रहा था। उन्होंने X पर लिखा- अधिकारियों से अपील करता हूं कि जंतर-मंतर प्रदर्शन स्थल के शौचालयों का पानी बंद न किया जाए। शनिवार रात से सार्वजनिक शौचालयों में पानी नहीं आ रहा है। प्रदर्शनकारियों का यह भी कहना था कि रात में कुछ समय के लिए लाइट बंद कर दी गई थी, जिसके चलते टॉयलेट तक पहुंचने में दिक्कत हुई।



# मुंबई में बारिश, फिर एक्टिव हुआ मानसून

## आगे बढ़ने के आसार, सोलापुर के पास 14 दिनों से रुका था; 8 राज्यों में तापमान 40डिग्री के पार

**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना,एजेंसी।**मुंबई को जिस बारिश का कई हफ्तों से इंतजार था, वह आखिरकार रविवार सुबह पहुंच गई। शहर के कई इलाकों में सीजन की पहली अच्छी बारिश हुई। इससे लंबे समय से गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली।

इस महीने की शुरुआत में मानसून दक्षिण कोंकण तक पहुंच गया था, लेकिन 8 जून से सोलापुर के पास रुका था। IMD ने कहा है कि 23 जून के आसपास दक्षिण-पश्चिम मानसून के महाराष्ट्र और इससे आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं।

मुंबई में हो रही बारिश की एक बड़ी वजह पश्चिमी घाट में बनने वाले बादल हैं। अरब सागर से आने वाली नम हवाएं जब पश्चिमी घाट की पहाड़ियों से टकराती हैं, तो ऊपर उठकर ठंडी हो जाती हैं और घने बादलों में बदल जाती हैं। बाद में ऊपरी हवाएं इन बादलों को मुंबई ले आती हैं।देश के ज्यादातर हिस्सों में अभी प्री-मानसून एक्टिव है। इसके बावजूद 8 राज्यों में तापमान 40डिग्री के पार है। उत्तर प्रदेश का बांदा एक बार फिर देश में सबसे गर्म रहा। यहां शनिवार को पारा 44.2डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली में भी तापमान 40डिग्री दर्ज किया गया।

**तीन राज्यों में बारिश संभव**

मौसम विभाग के मुताबिक, 23 जून के आसपास मानसून महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ सकता है। 21 से 26 जून के बीच मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में बारिश हो सकती है। सैटेलाइट तस्वीरों में भी अब बादलों का दायरा बढ़ता दिखाई दे रहा है।यूपी-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर अटका मानसून 23 जून को आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में मानसून को आगे बढ़ाने वाले सिस्टम एक्टिव हो गए हैं।

# दिल्ली- ट्रेन में चढ़ने को लेकर यात्री की पीट-पीटकर हत्या

## योगा एक्सप्रेस में सीट को लेकर विवाद; 8 हिरासत में

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर शनिवार सुबह योगा एक्सप्रेस की जनरल बोगी में चढ़ने को लेकर झड़प हो गई। सीट और चढ़ने की जल्दी में शुरू हुआ विवाद कुछ ही मिनटों में जानलेवा हमला बन गया।

आरोप है कि यात्रियों के एक ग्रुप ने 32 साल के पंकज धामा को घेरकर लात-घूंसों से पीटा। पंकज प्लेटफॉर्म पर गिरकर अचेत हो गया। उसे जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

हमले के वीडियो में कुछ युवक पंकज को पीटते और फिर ट्रेन में चढ़ते दिख रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज किया है।



- **दिल्ली मेट्रो में सिक्योरिटी गार्ड पंकज ड्यूटी से घर लौट रहा था :**पंकज धामा यूपी के बागपत का रहने वाला था। वह दिल्ली मेट्रो में सिक्योरिटी गार्ड था। घटना के समय वह ड्यूटी खत्म कर ट्रेन से घर लौट रहा था। परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं।
- **8 आरोपी मुजफ्फरनगर से हिरासत में लिए गए :**हमलावर भी यात्री थे। वारदात के बाद आरोपी ट्रेन में चढ़कर फरार हो गए। पुलिस ने मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन से 8 लोगों को हिरासत में लिया है। शाहदरा स्टेशन पर पुलिस और आरपीएफ चौकी है। इसके बावजूद प्लेटफॉर्म पर भीड़ के बीच पंकज को पीटा गया और हमलावर भाग निकले।

# पंजाब के निहंग सिंहों का उत्तराखंड में गुरुद्वारे पर कब्जा

- सेवादार को बंधक बनाया, रुद्रप्रयाग में अंतरजाल बंद
- भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल-प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी ने घेराबंदी की



**रुद्रप्रयाग/चंडीगढ़,एजेंसी।**उत्तराखंड के चमोली स्थित कर्णप्रयाग में 16 जून को हुए विवाद के बाद शनिवार देर शाम रुद्रप्रयाग के नगरासू स्थित गुरुद्वारे में पंजाब से आए निहंगों ने कब्जा कर लिया। उन्होंने दो लोगों को बंधक भी बनाया। हालांकि, विवाद बढ़ने पर निहंगों ने एक व्यक्ति को छोड़ दिया, जबकि एक सेवादार को बंधक बनाए रखा।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने में जुट गए। हालांकि, हालात बिगड़ने पर सेना से मदद मांगी गई, जिसके बाद सेना की ओर से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल को मौके पर भेजा गया। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के पहुंचने के बाद स्थिति पर नियंत्रण पाया गया, लेकिन इलाके में अभी भी तनाव बना हुआ है।

मौके पर पुलिस, प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल की भारी तैनाती की गई है। नगरासू में अंतरजाल बंद कर दिया गया है। आज सुबह रुद्रप्रयाग के जिला मजिस्ट्रेट विशाल मिश्रा निहंगों से बातचीत करने पहुंचे, लेकिन उन्होंने बात ही नहीं की। हालात को देखते हुए चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों में धारा 163 लागू कर दी गई है, जो 27 जून तक प्रभावी रहेगी।

इधर, पंजाब में वारिस पंजाब दे के नेता मनप्रीत सिंह अयाली ने हेमकुंड यात्रा के दौरान सिखों की सुरक्षा की मांग की है। साथ ही उनका एक जत्था उत्तराखंड सरकार और प्रशासन से मुलाकात करने के लिए रवाना हुआ है। वहीं, विवाद के बाद गिरफ्तार किए गए मोहाली के सोहाना गांव निवासी सिखों के परिजन ने चमोली पुलिस को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### योगी बोले- बेटियों को छेड़ने वाला यमराज के घर जाएगा

***सपा मोहर्रम-ईद पर उदंडता कराती, कांवड़ यात्रा-कृष्ण जन्मोत्सव पर रोक लगाती थी***



**महोबा/हमीरपुर,एजेंसी।** सीएम योगी ने रविवार को हमीरपुर में कहा- सपा सरकार में हर जिले में एक माफिया होता था। ये माफिया जमीनों पर कब्जा करते थे। व्यापारी और बेटी के लिए संकट खड़ा करते थे। पुलिस पर हमला करते थे। छवि खराब होती थी- बुंदेलखंड की।

योगी ने कहा- आज माफिया के लिए कोई जगह नहीं है। माफिया अब जेल में है या मिट्?टी मिल गए। अब बेटी की सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगा सकता है। अगर ऐसा दुस्साह कोई करता है तो यमराज के घर जाएगा।कहा- 21 जून हो गया, लेकिन मानसून नहीं आया।



### नेवी को मिले 3 स्वदेशी युद्धपोत

# आईएनएस दूनागिरी ब्रह्मोस से लैस, रडार नहीं पकड़ पाएगा


**कोलकाता,एजेंसी।**तीन स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और पनडुब्बी रोधी आईएनएस अग्रय रविवार को भारतीय नौसेना में शामिल हुए। इन्हें देश में ही डिजाइन और बनाया गया है।

आईएनएस संशोधक एक बार में लगातार 12 हजार किलोमीटर तक जा सकता है। आईएनएस दूनागिरी 8 ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस है। वहीं,

**आईएनएस संशोधक लगातार 12000 किमी तक चल सकता है**

आईएनएस अग्रय भारतीय तटरेखा के पास मौजूद दुश्मन पनडुब्बियों को नष्ट कर सकता है।

इस दौरान कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह नए भारत की सबसे बड़ी ताकत है। आज भारत रक्षा क्षेत्र में केवल खरीदार बनकर नहीं रहना चाहता। हमारी सैन्य शक्ति दुनिया के लिए बाजार नहीं बन सकती। हमारी शक्ति की पहचान विश्व का बाजार बनने में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता में है।




**आईएनएस संशोधक- समुद्र का नक्शा और सर्वे करेगा:**

आईएनएस संशोधक सर्वे पोत (बड़ा) श्रृंखला का चौथा जहाज है। इसका काम युद्ध लड़ना नहीं, बल्कि समुद्र का सर्वे करना है। इसे तट और गहरे समुद्र में जलमापी सर्वेक्षण, समुद्री डेटा संग्रहण और रक्षा-नागरिक उपयोग के लिए बनाया गया है। बंदरगाहों और समुद्री मार्गों का सर्वे करना भी इसके मुख्य काम में शामिल है।

**आईएनएस अग्रय- दुश्मन की पनडुब्बी खोजकर नष्ट करेगा:**

आईएनएस अग्रय अर्नाला श्रेणी का चौथा पनडुब्बी रोधी युद्धक उथला जल पोत है। इसे हल्के टॉरपीडो, स्वदेशी रॉकेट प्रक्षेपक और उन्नत सोनार प्रणाली से लैस किया गया है। जिससे यह तटों पर तैनात दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाकर उन्हें निशाना बना सकता है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सांसद सिग्रीवाल ने हरपुर शिवालय परिसर मे किया योगाभ्यास



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर (सारण)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जलालपुर प्रखंड के हरपुर स्थित शिवालय परिसर में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने योगाभ्यास कर लोगों को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया। योग शिविर का संचालन एवं मार्गदर्शन संत दामोदर दास बाबा ने किया। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है।योगाभ्यास के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। संत दामोदर दास बाबा ने योग के माध्यम से तनावमुक्त एवं निरोग जीवन जीने के उपाय भी बताए।इस अवसर पर भाजपा सारण पश्चिमी के जिलाध्यक्ष उमेश तिवार, सारण जिला भाजपा उपाध्यक्ष गुड्डू चौधरी, जिला मंत्री रामाशंकर मिश्रा शांडिल्य, सोशल मीडिया प्रभारी दीपू चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष कुश पांडेय निलेश सिंह विजय सिंह नीतीश पांडेय अनिल सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा नियमित योगाभ्यास के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि योग स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन का आधार है तथा इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना समय की आवश्यकता है।

## मुहर्रम में सौहार्द बनाए रखने की अपील, शांति समिति की बैठक संपन्न

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार की शाम मशरक थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था के रखरखाव, जुलूस मार्गों तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष उज्जवल कुमार ने कहा कि मुहर्रम का पर्व त्याग, अनुशासन, शांति और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी समुदायों के लोगों की सहभागिता और सहयोग से ही किसी भी पर्व को सफल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचना देने का आग्रह किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि मुहर्रम के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाएगा। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा पुलिस बल लगातार गश्ती करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा शांति भंग करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मिशन शक्ति के तहत सोनपुर में भव्य योग शिविर का आयोजन, महिलाओं और बच्चों ने सीखा योग का महत्व



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति, सारण के तत्वावधान में सोनपुर के सबलपुर स्थित श्री भारती वेदविद्या गुरुकुलम में एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, विद्यार्थियों और आम लोगों को योग के प्रति जागरूक कर एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण करना था।शिविर में मुख्य प्रशिक्षिका व योग विशेषज्ञ सलोनी कुमारी ने उपस्थित लोगों को प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित योग करने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है।मिशन शक्ति की जिला मिशन समन्वयक निभा सिंह ने इस अवसर पर कहा कि महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना ही मिशन शक्ति का मूल उद्देश्य है। उन्होंने योग को सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का एक बेहतरीन जरिया बताया। शिविर में गुरुकुल के विद्यार्थियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सोनपुर में योग की धूम, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को सोनपुर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक योग को लेकर उत्साह देखने को मिला। भारत वंदना घाट, सोनपुर रेलवे सामुदायिक भवन, अनुमंडल व्यवहार न्यायालय, नेहाल नाथ मंदिर, नयागांव खेल मैदान, विभिन्न स्कूलों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पदाधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवियों एवं राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने सामूहिक योगाभ्यास किया।योग शिविर में शामिल लोगों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करते हुए स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इस दौरान अधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की कला है।नियमित योग करने से शरीर निरोग रहता है, मानसिक शांति मिलती है तथा आंतरिक संतुलन मजबूत होता है। योग ध्यान केंद्रित करने और एकाग्रता बढ़ाने में भी सहायक है। योग के प्रति लोगों का लगाव अब केवल भारत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विदेशों में भी इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। नियमित योगाभ्यास से शरीर में स्फूर्ति आती है और व्यक्ति अधिक ऊर्जावान महसूस करता है।

### योग दिवस पर तरैया में प्रखंडस्तरीय शिविर का आयोजन

# विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि सहित आम नागरिकों ने किया योगाभ्यास

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को प्रखंडस्तरीय योग शिविर का आयोजन किया गया। तरैया-मढ़ौरा मुख्य मार्ग स्थित नेपाल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गवन्द्री के परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। रविवार की सुबह साढ़े पांच बजे शुरू हुए योग शिविर में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं निरोग जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना



था। योग शिविर में याचिका समिति के अध्यक्ष सह तरैया विधायक जनक सिंह, बीडीओं विभु विवेक, सीओं पंकज कुमार सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, मुखिया ओम प्रकाश राम, तारकेश्वर सिंह, शिक्षक संघ के अध्यक्ष रंजीत सिंह, शिक्षक संजीव कुमार सिंह, अनिल कुमार यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। विधायक जनक सिंह ने कहा कि योगाभ्यास स्वस्थ एवं निरोग रहने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक भी बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित योग करने की सलाह देते हैं। योग शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक तनाव को दूर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बीडीओं विभु विवेक ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और सकारात्मक जीवन के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से नियमित योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। शिविर में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों, प्रखंड प्रमुख, मुखिया, पंच, सरपंच, वार्ड सदस्यों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को प्रतिदिन योग करने, तनावमुक्त जीवन अपनाने तथा विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से स्वस्थ जीवन और नियमित योगाभ्यास का संकल्प लिया। योग दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और योग के महत्व को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# किलकारी समर कैंप का भव्य समापन, बच्चों ने प्रस्तुत की प्रतिभा की रंगारंग झलक

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** किलकारी बिहार बाल भवन, सारण में आयोजित 22 दिवसीय समर कैंप का शनिवार को भव्य समापन श्री भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में हुआ। समारोह का उद्घाटन जिला कला संस्कृति पदाधिकारी डॉ. विभा भारती, एडीएम प्रमोद कुमार, एपीओ राजेश कुमार, किलकारी की प्रमंडल कार्यक्रम समन्वयक मीरा कुमारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अनुभवी सिन्हा, लेखा पदाधिकारी विष्णु कुमार एवं सीआरपी स्नेहा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समापन समारोह में बच्चों ने 22 दिनों के दौरान सीखी गई विभिन्न कलाओं और गतिविधियों की शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य एवं संगीत प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मकता और सीखने की क्षमता की अद्भुत झलक देखने को मिली।इस अवसर पर विज्ञान, हस्तकला, चित्रकला, मूर्तिकला, शतरंज एवं कंप्यूटर विषयों पर आधारित




आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडल, कलाकृतियां और रचनात्मक परियोजनाएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। अभिभावकों एवं आगत अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा और मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समर कैंप के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया। विज्ञान प्रशिक्षक प्रमोद कुमार यादव ने दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान, जैविक खाद निर्माण, सीड बॉल, क्लैपिंग ट्री एवं बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स की जानकारी दी। चित्रकला प्रशिक्षक प्रकाश कुमार ने मधुबनी पेंटिंग, सैंड आर्ट, चंदन पेंटिंग, लीफ आर्ट और पेन आर्ट का प्रशिक्षण दिया।

कंप्यूटर प्रशिक्षिका दीपाली कुमारी ने बच्चों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी से परिचित कराया।वहीं मूर्तिकला प्रशिक्षक नीरज कुमार ने वुड आर्ट एवं मिट्टी के खिलौने बनाना सिखाया। हस्तकला प्रशिक्षक अखिल राज सिंह ने पेपर आर्ट, सॉफ्ट टॉय, लिप्पन आर्ट और जूट आर्ट का प्रशिक्षण दिया।

शतरंज प्रशिक्षक राज शेखर ने खेल की विभिन्न रणनीतियों से बच्चों को अवगत कराया। संगीत प्रशिक्षक विवेक सिंह ने सोहर एवं क्षेत्रीय संगीत की बारीकियां सिखाई, जबकि कुश्ती प्रशिक्षक निखिल कुमार ने बच्चों को विभिन्न दांव- पेंचों का अभ्यास कराया। आगत अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की गई और भविष्य में भी अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया गया।

## मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** मोहर्रम पर्व को लेकर रविवार को खैरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खैरा थानाध्यक्ष अखिलेश पासवान, बीडीओ अनुभव कुमार ने संयुक्त रूप से की। बैठक में विभिन्न पंचायतों से आए जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी-अपनी बातों को रखा। थानाध्यक्ष एवं बीडीओ ने संयुक्त रूप से कहा कि मोहर्रम के अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की कि अपने- अपने पंचायतों में लोगों को जागरूक करें तथा जुलूस निकालने के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत लाइसेंस के लिए आवेदन अवश्य कराएं, ताकि पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाई जा सके। खैरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह, तुजारपुर पंचायत के मुखिया अमित कुमार, कोरिया पंचायत के बी डी सी गणेश साह, जाकिर अली, सुल्तान अहमद, साजिद आलम सोनू, जुनैद खान, सद्दाम हुसैन एवं अन्य ग्रामीण बैठक में शामिल हुए।

# विश्व संगीत दिवस पर संगीत एवं लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर (सारण)।** विश्व संगीत दिवस के शुभ अवसर पर श्री राम जानकी संगीत महाविद्यालय सह पंडित महेंद्र मिश्र पूर्वी घराना, मिश्रवलिया (जलालपुर) के प्रांगण में भव्य सांगीतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार मिश्र के तत्वावधान में किया गया।इस अवसर पर शास्त्रीय संगीत, सुगम संगीत एवं लोकगीतों की शानदार प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।लोक गायक चंदन सिंह मिंटू सहित मिताली श्री, शिखा तिवारी, सलोनी, करिश्मा, नंदनी, लाडली श्री, श्रेया, रिशा रानी, प्रियंका कुमारी, अनोखी सिंह, खुशी, प्रिंस कुमार, टावर कुमार, अनमोल कुशवाहा, नीतीश एवं कल्याण कुमार ने एक से बढ़कर एक शास्त्रीय, सुगम एवं लोकगीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य विनोद कुमार मिश्र ने कहा कि संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा की आत्मा है। विश्व संगीत दिवस हमें संगीत की सार्वभौमिक शक्ति और उसकी सांस्कृतिक विरासत को संजोने का संदेश देता है।

सांगीतिक प्रस्तुतियों के दौरान पूरा वातावरण सुर, ताल और लय से गुंजायमान रहा। उपस्थित लोगों ने कलाकारों के प्रदर्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा ऐसे आयोजनों को संगीत संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण बताया।कार्यक्रम का समापन कलाकारों के सम्मान एवं संगीत के माध्यम से समाज में प्रेम, सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना फैलाने के संकल्प के साथ हुआ।

## मढ़ौरा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित, लोगों ने किया योगाभ्यास



**दैनिक खोज खबर /मढ़ौरा(सारण)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को मढ़ौरा में सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन किया गया।

इन शिविरों में स्थानीय अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया। रविवार सुबह मढ़ौरा चीनी मिल खेल मैदान में एक गैर-सरकारी संस्था द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

शिविर में योग प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त बैंक कर्मी सुरेंद्र सिंह और फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. निशिंदिता राज ने लोगों को योग के विभिन्न गुर सिखाए और इससे होने वाले शारीरिक व मानसिक लाभों की जानकारी दी। दूसरी, नगर पंचायत भवन में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए योग शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन डीसीएलआर धनंजय त्रिपाठी, अंचलाधिकारी अंबपाली यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक कुमार प्रभाकर, कार्यपालक पदाधिकारी हरिश्चंद्र और स्वच्छता पदाधिकारी रश्मि कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में योग प्रशिक्षक मोहम्मद अली ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मियों को विभिन्न योगासन कराए और उनके महत्व को समझाया।

## जनसूराज नेता पूर्व जिला पार्षद राजेंद्र सिंह की पत्नी का असामयिक निधन

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड के सीमावर्ती बनियापुर प्रखंड के छपियां गांव निवासी जन सूराज पार्टी के महाराजगंज लोकसभा चुनाव प्रभारी तथा चिमनी संघ के जिला महासचिव पूर्व जिला पार्षद राजेंद्र सिंह की 54 वर्षीया पत्नी इंद्रावती देवी का निधन रविवार को हृदय गति रुक जाने से हो गया। वह मृदु भाषी, व्यवहार कुशल, समाजसेवी महिला थीं। उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई ।जैसे ही पटना के एक निजी अस्पताल से उनका पार्थिव शरीर पैतृक आवास छपियां गांव पहुंचा कि क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। सैकड़ों की संख्या में



जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा ग्रामीणों ने पहुंचकर मृतका के पार्थिव शरीर पर फूल माला चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं शोक संतप्त स्वजनों के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनका ढ़ाढस बधाया।

# नारायणपुर पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में भागवतपुर बना विजेता

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के नारायणपुर में आयोजित पंचायत स्तरीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का फाइनल मुकाबला नारायणपुर एवं भागवतपुर की टीम के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए भागवतपुर की टीम ने जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल में मिली जीत के बाद रविवार की सुबह भागवतपुर पंचायत के पूर्व बीडीसी प्रत्याशी आशा अर्जुन ने अपने आवास पर विजेता खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर




सम्मानित किया तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से खिलाड़ियों ने पंचायत का नाम रोशन किया है, उसी तरह खेल भावना, अनुशासन और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ते हुए जिला एवं राज्य स्तर पर भी क्षेत्र का गौरव बढ़ाएं। उन्होंने आश्वस्त किया कि खिलाड़ियों को खेल से संबंधित किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर वे सदैव उनके साथ खड़े रहेंगे।कार्यक्रम में समाजसेवी सह शिक्षक नेता अर्जुन युवराज सहित टीम के कप्तान रितेश कुमार, उपकप्तान रूपेश कुमार, अमित, विवेक, सैफ खान, राजा खान, सोनू, सचिन, रोहित, अनुज, पंकज समेत दर्जनों खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## मढ़ौरा के किसान के बेटे अभिषेक ने पहले प्रयास में बीपीएससी किया क्रैक, बीपीआरओ के लिए हुए चयनित




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** स्थानीय प्रखंड के गोपालपुर जवईनियां गांव के एक साधारण किसान के बेटे ने अपनी मेधा और कड़े परिश्रम के बल पर क्षेत्र का नाम पूरे सूबे में रोशन किया है। गांव के किसान हरेंद्र सिंह के पुत्र अभिषेक सिंह ने अपने पहले ही प्रयास में प्रतिष्ठित 70वीं बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल की है। इस परीक्षा में 908वीं रैंक प्राप्त कर अभिषेक बिहार पंचायत राज पदाधिकारी (बीपीआरओ) के पद के लिए चयनित हुए हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही उनके पैतृक गांव और घर में उत्सव का माहौल है। अभिषेक की प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा उनके चाचा के पास भोपाल में रहकर हुई, जहां से उन्होंने मैट्रिक और इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की। पिछले वर्ष कैट परीक्षा पास करने के बाद वर्तमान में वे दिल्ली यूनिवर्सिटी से ही पीएचडी कर रहे हैं। अभिषेक की इस गौरवपूर्ण सफलता पर उनके चाचा व मढ़ौरा विधानसभा के पूर्व लोजपा प्रत्याशी विनय सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अभिषेक बचपन से ही मेधावी, अनुशासित और परिश्रमी रहा है। उसकी इस ऐतिहासिक कामयाबी से आज पूरा समाज, गांव और जिला गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## तरैया के शंशाक बने ग्रामीण विकास अधिकारी, बीपीएससी 70वीं में लहराया सफलता का परचम



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के अंतिम परिणाम में प्रखंड क्षेत्र शशांक ने शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। भटगाई पंचायत के शंशाक रवि का चयन ग्रामीण विकास अधिकारी पद के लिए हुआ है। भटगाई पंचायत के भटगाई गांव निवासी शंशाक रवि ने भी बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर ग्रामीण विकास अधिकारी पद प्राप्त किया है। शंशाक, भटगाई पंचायत के पूर्व मुखिया रविन्द्र सिंह उर्फ रवि सिंह एवं ममता देवी के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार के सदस्यों तथा गुरुजनों को दिया। उनकी उपलब्धि से पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस सफलता से क्षेत्र में उत्साह और गर्व का वातावरण है। स्थानीय लोगों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों ने दोनों सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर मिली यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है।

## बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में अभिषेक बना डीएसपी तो दानीष बना पंचायती राज पदाधिकारी




**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चांद बरवा गांव निवासी अभिषेक कुमार डीएसपी और अरना गांव निवासी दानीष अली पंचायती राज पदाधिकारी बने। बिहार लोक सेवा आयोग की 70 वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में दोनों ने शानदार सफलता प्राप्त कर हैं। चांद बरवा गांव निवासी अवकाश प्राप्त शिक्षक विक्रमा बैठा के पौत्र, वार्ड 3 के वार्ड सदस्य अनिल कुमार बैठा का भतीजा और प्रमोद कुमार बैठा के पुत्र अभिषेक कुमार ने 371 वां रैंक लाकर डीएसपी बनें। अभिषेक कुमार दिल्ली में रहकर तैयारी करते हैं। पिता आसाम राइफल्स में कार्यरत हैं। फोन पर अभिषेक कुमार ने बताया कि उनकी प्रारम्भिक शिक्षा छपरा के ब्रज किशोर किंडर गार्डन से हुई है। अरना गांव में दानीष अली पिता अमजद अली ने 967 वां रैंक प्राप्त कर पंचायती राज पदाधिकारी बनें हैं।

## सोनपुर के 4 युवाओं ने बीपीएससी परीक्षा में पाई सफलता, क्षेत्र में खुशी की लहर




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** 70वीं बीपीएससी परीक्षा में सोनपुर अनुमंडल के चार प्रतिभावान विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम आने के बाद सफल अभ्यर्थियों के परिवारों और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया।सबलपुर उत्तरी पंचायत के रितेश राज ने 338वां रैंक प्राप्त कर जिला समावेष्टा पदाधिकारी का पद हासिल किया। वहीं, वभनटोली के कमल नयन को 1390वां रैंक मिला है, उनका चयन प्रखंड एससी-एसटी वेलफेयर ऑफिसर के पद पर हुआ है। सोनपुर अक्षरा स्कूल के शिक्षक के पुत्र सोनू कुमार ने 1006वां रैंक लाकर आरडीए पद पर सफलता पाई। इसके अलावा, दरियापुर प्रखंड के दरियारा चतुर्भुज गांव के गौतम कुमार ने 829वां रैंक हासिल कर प्रखंड विकास पदाधिकारी का पद प्राप्त किया।

# दिघवारा के अंकित कुमार बने डीएसपी, बीपीएससी में 333वीं रैंक हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का मान



**दैनिक खोज खबर /दिघवारा(सारण)।** प्रखंड के सैदपुर झौवां (महुआनी) गांव के होनहार युवक अंकित कुमार ने बीपीएससी परीक्षा में 333वीं रैंक प्राप्त कर डीएसपी पद पर चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार सफलता से इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई है और हर तरफ उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अंकित कुमार, ताड़केश्वर राय के पुत्र हैं, जो स्थानीय स्तर पर एक सम्मानित व्यक्ति माने जाते हैं। उनकी माता संजू देवी झौवां पंचायत भाग-दो की पंचायत समिति सदस्य हैं। बेटे की इस उपलब्धि पर परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में जश्न का माहौल है।अंकित के पिता ताड़केश्वर राय ने बताया कि अंकित की प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही साधारण माहौल में हुई। इसके बाद उन्होंने मैट्रिक की पढ़ाई दिघवारा स्थित जयगोविंद उच्च विद्यालय से पूरी की। इंटरमीडिएट की पढ़ाई उन्होंने छपरा के रामजयपाल कॉलेज से की वही दिघवारा के यदुनंदन कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की है।पढ़ाई के दौरान ही अंकित ने अपने लक्ष्य को स्पष्ट कर लिया था और लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे रहे।

खास बात यह रही कि अंकित ने गांव में रहकर कोचिंग के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने का काम भी किया और साथ-साथ अपनी पढ़ाई जारी रखी। सीमित संसाधनों के बावजूद उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया।अंकित की इस सफलता से क्षेत्र के युवाओं में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि अंकित की उपलब्धि यह साबित करती है कि अगर लक्ष्य के प्रति समर्पण हो, तो गांव के साधारण परिवेश से भी बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है।इस उपलब्धि पर जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, समाजसेवियों और आम लोगों ने अंकित कुमार को शुभकामनाएं दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## बाल रंग महोत्सव का किया गया आयोजन

**दैनिक खोज खबर/नई दिल्ली,।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में 'उड़ान - द सेंटर ऑफ थिएटर आर्ट एंड चाइल्ड डेवलपमेंट' और संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से 'रंग संस्कार' बाल रंग महोत्सव का आयोजन किया गया। एक महीने की रंगमंच कार्यशाला में प्रशिक्षण पाने वाले बाल कलाकारों ने इस महोत्सव में अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया।महोत्सव का उद्घाटन प्रख्यात रंगकर्मी मालविका जोशी और कलादर्शन विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा कंबोज ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उड़ान के निदेशक संजय टुटेजा ने बताया कि रंगमंच बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच को बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। इस महोत्सव में कुल पांच नाटकों और एक एकल अभिनय की प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'वत्सले मातृभूमे' नाटक रहा, जो आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर आधारित था। इस नाटक में झुग्गी-झोपड़ियों के बच्चों ने मुख्य भूमिका निभाई। इसके अलावा 'ताजमहल का टेंडर', 'बाप रे बाप', 'आजादी की कहानी' और 'जंगल की पुकार' जैसे नाटकों के जरिए देशप्रेम, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। वहीं एकल अभिनय 'बढ़ता स्कूल बैग' के माध्यम से बच्चों पर बढ़ते पढ़ाई के बोझ को दिखाया गया। अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों और सहयोगियों को सम्मानित किया गया।

## मुहर्रम पर्व शांति एवं सौहार्द पूर्ण रूप से मनाए जाने को लेकर अमनौर थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित



**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** मुहर्रम पर्व शांति एवं सौहार्द पूर्ण रूप से मनाए जाने को लेकर अमनौर थाने में शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष हेमंत कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ. बैठक में मौजूद पंचायत जनप्रतिनिधि, समाजसेवी सहित दोनों समुदाय के लोगों ने उक्त पर्व शांति एवं भाईचारे के साथ मनाए जाने पर अपनी सहमति बनायी . लोगों ने कहा आजतक सभी पर्व हमसभी शांति और सौहार्द पुर्ण तरीके से मनाते आ रहा हूँ. आगे भी उक्त पर्व शांति के साथ मनाया जायेगा. थानाध्यक्ष हेमंत कुमार ने कहा कि जुलूस के दौरान डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा. उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार के अफवाहों से बचने की जरूरत है. वहीं इस तरह की कोई बात हो तो इसकी सूचना अविलम्ब प्रशासन को दे. प्रशासन असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं. किसी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा . उन्होंने आगे कहा कि मुहर्रम के लिए लाइसेंस हेतु जो शर्त है उन्हें पालन करना होगा. किसी भी अनदेखी के लिए वे खुद जिम्मेदार होगे. बैठक में मुहर्रम शांति से मनाने पर बल दिया गया. उक्त मौके पर मुख्य रूप से सीओ अजय कुमार, पैक्स अध्यक्ष विजय कुमार विद्यार्थी,महम्मद हासीम, मयंक कुमार सिंह, मनसाद आलम, पूर्व मुखिया लक्ष्मण राम, महम्मद मनसाद, जदयू नेता राजकुमार कुशवाहा, प्रमुख पति महम्मद हाशिम,महम्मद अयूब अंसारी, देवेन्द्र शर्मा , लाल महम्मद, अफजल आलम, महम्मद समसुद्दीन,इरसाद अली, महम्मद नवसाद आदि अन्य लोग शामिल थे।

## शादी की रस्मों के बीच आई खुशखबरी, तरैया की बेटी स्वीटी कुमारी बनीं आरडीओ




**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के चंचलिया गांव की बेटी स्वीटी कुमारी ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर राजस्व पदाधिकारी पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खास बात यह रही कि यह सफलता उन्हें उनकी शादी से ठीक दो दिन पहले मिली, जिससे परिवार की खुशियां दोगुनी हो गईं। जानकारी के अनुसार चंचलिया निवासी मनोज गुप्ता की पुत्री स्वीटी कुमारी की शादी की रस्में चल रही थीं। इसी दौरान 70वीं बीपीएससी का परिणाम घोषित हुआ, जिसमें उनका चयन आरडीओ पद के लिए हुआ। परिणाम की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। स्वीटी की इस उपलब्धि को लोग उनकी मेहनत, लगन और परिवार के सहयोग का परिणाम बता रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यह सफलता क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## त्वरित कार्रवाई : दुष्कर्म के आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दैनिक खोज खबर /अमनौर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कैतुका लच्छी गांव में एक सात साल की बच्ची (दूसरा वर्ग की छात्रा) के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. घटना शनिवार की देर शाम की बतायी जा रही है. जहां घटना के बाद डरी सहमी बच्ची ने इसका जिक्र रविवार की सुबह अपनी मां को बताया, जिसके बाद परिजनों में इस घटना को लेकर काफी आक्रोशित हो गये. इसकी सूचना अमनौर पुलिस को मिलते ही पुलिस प्रशासन सकते में आ गयी. इस सूचना के बाद आनन फानन में सारण के सीनियर एसपी विनीत कुमार, ग्रामीण एसपी संजय कुमार,मढ़ौरा डीएसपी सविंदर कुमार दास, अमनौर थानाध्यक्ष हेमंत कुमार सहित पुलिस की टीम मौके पर पहुंच मामले की तहकीकात में जूट गयी.पीड़ित परिवार से मिलकर पूछताछ किया व घटना स्थल का मुआयना किया. वहीं आरोपी को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया. एसपी के निर्देश पर एफएसएल की टीम भी घटना स्थल पर पहुंच घटना को लेकर फोरेंसिक जांच किया .घटना के संबंध में पीड़ित बच्ची के परिजनों ने गांव के ही भोला साह के 28 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार को आरोपित करते हुए बताया कि शनिवार की देर शाम पीड़ित बच्ची अपने घर से कुछ दूरी गए अपने दादा से मिलकर घर वापस आ रही थी तभी मौका देख आरोपित युवक उस बच्ची को अपने मुर्गा फार्म में खींच कर ले गया और बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का दुस्साहस किया है. इधर सीनियर एसपी के निर्देश पर पुलिस सुरक्षा में पीड़ित बच्ची को मेडिकल जांच के लिए छपरा भेज दिया गया. वहीं गांव में तनाव को देखते हुए विधि व्यवस्था को लेकर वहां पुलिस बल तैनात की गयी है।

## छपरा में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दर्शन नगर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को भव्य योग जागरूकता एवं सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद यादव, सचिव सुरेश प्रसाद सिंह और प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की।इस मौके पर योग प्रशिक्षक संगीता कुमारी और विशाल कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास कराया। मुख्य अतिथियों ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताया।

## बीपीएससी परीक्षा पास कर अर्वा कोठी के नेहाल कुमार पांडेय बने आरडीओ, गांव में जश्न का माहौल



**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के अर्वा कोठी गांव के होनहार युवा नेहाल कुमार पांडेय ने बीपीएससी की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए 1014वीं रैंक प्राप्त की है. इस उपलब्धि के साथ उनका चयन आरडीओ यानी ग्रामीण विकास पदाधिकारी के पद पर हुआ है.सफलता की खबर मिलते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और परिजनों,रिश्तेदारों तथा शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की.नेहाल कुमार पांडेय स्वर्गीय राजेंद्र पांडेय के पुत्र है।

वर्ष 1999 में जन्मे नेहाल ने वर्ष 2013 में बी.बी. राम हाई स्कूल,नगरा से मैट्रिक तथा 2015 में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की.इसके बाद उन्होंने नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी से स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी. लगातार मेहनत, अनुशासित दिनचर्या और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने यह सफलता अर्जित की.अपनी उपलब्धि का श्रेय नेहाल ने अपने शिक्षकों जगन्नाथ सिंह उर्फ काका सर,इनायतुल्लाह एवं नसीम अख्तर को दिया.उन्होंने अपने मेंटर शंकर सुमन के मार्गदर्शन, समाजसेवी ईरशाद कुरैशी के प्रोत्साहन तथा मित्र सागर प्रसाद और रितिक कुमार के सहयोग को भी अपनी सफलता में महत्वपूर्ण बताया।

परिवार में उनके बड़े भाई नितिन कुमार पांडेय इंजीनियर हैं,जबकि मां रम्भा पांडेय बहनें रश्मि पांडेय और रिचा पांडेय लगातार उनका मनोबल बढ़ाती रही हैं.उनकी सफलता पर फणीन्द्र कुमार सिंह,मोनू कुमार पांडेय सहित क्षेत्र के अनेक लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नेहाल ने अपनी मेहनत से पूरे इलाके का नाम रोशन किया है और उनकी उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

## शाकिब हसन ने 222वीं मेरिट रैंक हासिल कर एसडीएम का पद प्राप्त किया



**दैनिक खोज खबर /छपरा/गोपालगंज।** बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं परीक्षा में गोपालगंज जिले के बरौली प्रखंड के कोटवां गांव के मूल निवासी इंजीनियर साक़िब हसन ने 222वीं मेरिट रैंक हासिल कर एसडीएम का पद प्राप्त किया है। साक़िब की इस बड़ी सफलता से उनके पूरे परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर है।साक़िब हसन, शिक्षाविद् परिवार से ताल्लुक रखते हैं। वे दिवंगत अबुल हसन अंसारी (सेवानिवृत्त हेडमास्टर) एवं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका शाफ़िया हसन के छोटे पुत्र हैं, तथा दिवंगत महम्मद हबीब अंसारी (पूर्व हाई स्कूल हेडमास्टर) के पोते हैं।

वर्तमान में उनका परिवार सारण जिले के छपरा स्थित एनएम कॉलोनी में रहता है। साक़िब, छपरा रेलवे से सेवानिवृत्त ट्रेन मैनेजर व प्रख्यात शायर डॉ. ऐनुल बरौलवी के भतीजे हैं। अपनी इस कामयाबी का श्रेय साक़िब ने अपनी कड़ी मेहनत, माँ शाफिया हसन, बड़े भाई शाहिद हसन के विशेष योगदान और शुभचिंतकों की दुआओं को दिया है। डॉ. ऐनुल बरौलवी ने उनके जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि साक़िब ने कांटों भरे रास्ते पर चलकर अपनी मंजिल खुद बनाई है और उनकी यह सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

## गंडक नदी में मछली मारने के दौरान नाव से गिरकर एक मछुआरे की मौत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर(सारण)।** सबलपुर में गंडक नदी में मछली मारने के दौरान नाव से गिरकर एक मछुआरे की मौत हो गई। नावो से गिरने के बाद आसपास के नाभिकों में चिख बुखार मच गई । नाभिकों ने खोजबीन कर उसका शव नदी से बाहर निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही सोनपुर मीना बाजार के रामगुलाम साहनी के 42 वर्षीय पुत्र श्याम सहनी के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए और रोने पीटने लगे। घटना की सूचना मिलते ही सोनपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में ले लिया। ओके बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिलीप कुमार ने रविवार के शाम बताया कि सोनपुर मीना बाजार के रामगुलाम साहनी के 42 वर्षीय पुत्र श्याम सहनी के रूप में पहचान हुई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर भेज दिया गया है। इसके उपरांत पोस्टमार्टम करने के बाद शव के परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत प्राकृतिक खेती कार्यशाला का हुआ आयोजन



**परवेज़ अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को भाजपा द्वारा प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन चाप ढाला स्थित भाजपा जिला कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने की।भाजपा मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग सौ किसानों ने भाग लिया तथा प्राकृतिक एवं उन्नत खेती के विषय में विशेषज्ञों से प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला में किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के उपाय, मिट्टी में जैविक जीवन को पुनर्स्थापित करने की तकनीक, बहुफसली खेती प्रणाली, फसल एवं बीज विविधता, मिट्टी पोषण, नमी संरक्षण, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा कृषि आधारित अतिरिक्त आय के स्रोतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को बताया गया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से उत्पादन लागत में कमी आती है, भूमि की उर्वरता बढ़ती है, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है तथा किसानों की आय में वृद्धि होती है। साथ ही पशुपालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन एवं सामाजिक वानिकी जैसे सहायक कार्यों के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने के उपायों पर भी चर्चा की गई।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। प्राकृतिक खेती किसानों के लिए लाभकारी होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी सशक्त माध्यम है। भाजपा किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वहीं सिवान के पूर्व विधान परिषद सदस्य मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज समय की आवश्यकता है। इससे किसानों की लागत घटती है, मिट्टी की गुणवत्ता बेहतर होती है और खेती अधिक लाभकारी बनती है। इस प्रकार की कार्यशालाएं किसानों को नई तकनीकों एवं बेहतर कृषि पद्धतियों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।' कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए प्राकृतिक खेती को अपनाने की दिशा में सकारात्मक रुचि दिखाई तथा केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओमप्रकाश यादव, जिला कृषि पदाधिकारी आलोक कुमार, उप परियोजना निदेशक कलिकांत चौधरी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी महाराजगंज आनंद चौधरी, मुकेश कुशवाहा, धर्मेंद्र मिश्रा, हरेंद्र कुशवाहा, सत्यम सिंह, सोनू, देवेंद्र गुप्ता, कमेंश्वर सिंह, अजय पासवान, अजीत चौरसिया, राकेश सिन्हा एवं सौरभ कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में किसान, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मौर्य एक्सप्रेस में शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार



**परवेज़ अख्तर/दैनिक खोज खबर/सीवान।** आरपीएफ की टीम ने ट्रेन में चल रही अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान नौतन थाना क्षेत्र के नौतन अहीर टोली निवासी नर्मदा देवी के रूप में हुई है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि शनिवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक के पर्यवेक्षण में ट्रेन स्काट टीम तथा सीपीडीएस यूनिट द्वारा संयुक्त रूप से गोरखपुर-संबलपुर मौर्य एक्सप्रेस में जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान एस 2 कोच में एक महिला को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके हाथ में लिए प्लास्टिक झोले और शरीर में छिपाकर रखी गई कुल 55 बोतल शराब बरामद हुई। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु आरोपी को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया है।

# परीक्षा देकर लौटते समय सड़क दुर्घटना में कार्यपालक सहायक की मौत

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** मैरवा थाना क्षेत्र में बिहार-उत्तर प्रदेश सीमा के पास गुरुवार की शाम एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने पंचायती राज विभाग के कार्यपालक सहायक संजय कुमार की बाइक को टक्कर मार दी। जिनका इलाज के दौरान शुक्रवार की शाम मौत हो गई। वे गुरुवार को एग्जाम देने के लिए यूपी गए थे। परीक्षा के बाद वे बाइक से अपने घर लौट रहे थे। बता दें कि स्थानीय लोगों ने स्वजनों को सूचित किया और घायल संजय को मैरवा रेफरल अस्पताल पहुंचाया। वहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। स्वजन उन्हें गोरखपुर के एक अस्पताल ले गए, जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।मृतक की पहचान रघुनाथपुर निवासी बाबूलाल प्रसाद के पुत्र संजय कुमार (32) के रूप में हुई है। वे सिसवन प्रखंड की सिसवा कला पंचायत में कार्यपालक सहायक के पद पर कार्यरत थे। वहीं दौरे पर आए पंचायतीराज मंत्री दीपक प्रकाश को जैसे ही अपने विभाग के कर्मी की मृत्यु की सूचना मिली, वे तत्काल शुक्रवार की देर शाम सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। उन्होंने चिकित्सकों और स्वजनों से घटना की जानकारी ली और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। मंत्री ने कहा कि यह एक दुखद घटना है और विभाग पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है।नगर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल से सड़क दुर्घटना में युवक की मौत की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद पुलिस पदाधिकारी को अस्पताल भेजा गया।

# तकनीकी पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर



**परवेज़ अख्तर/दैनिक खोज खबर//सीवान।** जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय में जिला स्तरीय सभी तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रही विभिन्न निर्माण योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल एवं स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन को निर्देश दिया कि प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त पंचायत सरकार भवन एवं सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही बीएमएसआइसीएल के कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया कि निर्माणाधीन सीएचसी, एपीएचसी, एचडब्लूसी तथा एमसीएच सहित सदर अस्पताल के कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आम जनता को समय पर मिल सके। साथ हीं सभी तकनीकी पदाधिकारियों को भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु अपर समाहर्ता एवं संबंधित अंचलाधिकारियों से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया।

साथ ही साथ ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंताओं को सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से नेशनल हाईवे से जुड़ने वाले मार्गो पर जंक्शन इम्प्रूवमेंट कार्य सुनिश्चित करने को कहा गया।

# आग लगने पर शहर के अधिकांश घरों तक अग्निशमन वाहन जाने का रास्ता नहीं

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** गर्मी बढ़ने के साथ ही आग की घटनाओं के बढ़ने का डर बढ़ गया है। शहर के विभिन्न मोहल्लों में अनियोजित ढंग से बनाए गए अधिकांश ऐसे मकान हैं जहां आग लगने पर अग्निशमन वाहन किसी भी सूरत में नहीं पहुंच सकते हैं । शहर के पुराने और घनी आबादी वाले इलाकों में अनियोजित निर्माण तथा अतिक्रमण के कारण गलियां लगातार संकरी होती गई हैं। कई स्थानों पर दोपहिया वाहन निकालना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे क्षेत्रों में यदि आग लग जाए तो दमकल कर्मियों को मुख्य सड़क से ही पाइप बिछाकर आग बुझाने का प्रयास करना पड़ता है, जिससे समय अधिक लगता है और नुकसान बढ़ने की संभावना रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। कई इमारतों में अग्निशमन उपकरण तक उपलब्ध नहीं हैं। वहीं, सड़कों पर स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि संकरी गलियां उनके लिए बड़ी चुनौती हैं। विभाग की ओर से समय-समय पर लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है तथा भवन मालिकों को आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी जाती है।

# सदर अस्पताल में लिफ्ट खराब, मरीजों को सीढ़ियां चढ़ाने में बढ़ी परेशानी

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** माडल सदर अस्पताल का लिफ्ट कई दिनों से खराब है, इससे मरीजों और उनके स्वजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल की ऊपरी मंजिलों पर स्थित विभिन्न वार्डो और विभागों तक पहुंचने के लिए मरीजों को सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ रहा है। खासकर बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं तथा गंभीर रूप से बीमार मरीजों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। मरीजों के स्वजनों का कहना है कि लिफ्ट बंद रहने के कारण स्ट्रेचर और व्हीलचेयर पर मरीजों को ऊपर ले जाना मुश्किल हो गया है। कई बार स्वजन मरीजों को गोद में उठाकर या सहारा देकर सीढ़ियां चढ़ा रहे हैं। इससे न केवल समय अधिक लग रहा है, बल्कि मरीजों की परेशानी भी बढ़ रही है। अस्पताल पहुंचे लोगों ने बताया कि लिफ्ट खराब होने की समस्या नई नहीं है। पूर्व में भी कई बार लिफ्ट में तकनीकी खराबी आने के कारण सेवाएं बाधित हुई थीं। इसके बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। मरीजों ने अस्पताल प्रशासन से जल्द से जल्द लिफ्ट को दुरुस्त कराने की मांग की है। लिफ्ट बंद रहने से अस्पताल आने वाले लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर व्यवस्था के लिए अस्पताल में ऐसी बुनियादी सुविधाओं का सुचारु रूप से संचालित रहना आवश्यक है। वहीं, अधीक्षक डा. अनिल कुमार सिंह का कहना है कि लिफ्ट में तकनीकी खराबी आ गई है, जिसकी सूचना संबंधित एजेंसी को दे दी गई है। मरम्मत का कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार मरीजों को होने वाली असुविधा को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है।

## दारौंदा में मोबाइल दुकान चोरी कांड का खुलासा, एकमा के दो युवक गिरफ्तार

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के दारौंदा बाजार स्थित एक मोबाइल दुकान में करीब पांच लाख रुपये की चोरी के मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक पर्दाफाश कर दिया है। इस मामले में सारण के एकमा थाना क्षेत्र के दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने चोरी गए पांच मोबाइल फोन में से चार मोबाइल भी बरामद कर लिए हैं। वहीं शेष सामान की बरामदगी और अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। गिरफ्तार युवकों की पहचान एकमा थाना क्षेत्र निवासी अंकित कुमार प्रसाद तथा भरोहोपुर निवासी रामेश्वर साह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि विगत पांच जनवरी की रात दारौंदा बाजार स्थित यादव मोबाइल दुकान का वेंटिलेटर तोड़कर चोर दुकान में घुस गए थे। चोरों ने दुकान से मोबाइल फोन, इलेक्ट्रानिक उपकरण और नकदी समेत करीब पांच लाख रुपये मूल्य की संपत्ति की चोरी कर ली थी। घटना के बाद दुकानदार सुनील कुमार के बयान पर थाना कांड संख्या 4/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी गए मोबाइल के तकनीकी साक्ष्यों और सर्विलांस के आधार पर मामले का खुलासा किया। अनुसंधान में अंकित कुमार प्रसाद तथा रामेश्वर साह की संलिप्तता सामने आई। इसके बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

## 26 लीटर देसी महुआ शराब बरामद, दो तस्कर फरार

**हसनपुरा (सिवान)।** एमएच नगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए 26 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है। हालांकि इस कार्रवाई के दौरान शराब की तस्करी में संलिप्त दो तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। सूचना के आधार पर थाने के पुअनि पप्पू कुमार द्वारा प्राथमिकी में बताया गया कि शनिवार की सुबह गुप्त सूचना मिली कि हसनपुरा निवासी राकेश कुमार चौधरी उर्फ सुखन चौधरी और कृष्णा चौधरी द्वारा अपने घर के पास शराब की बिक्री कर रहे है।

# 21 फरियादियों ने एसपी को सुनाई अपनी पीड़ा



**परवेज़ अख्तर/ दैनिक खोज खबर/सीवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा द्वारा जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में शनिवार को जनता दरबार लगाया गया। इस दौरान एसपी ने उपस्थित 21 लोगों की फरियादें सुनीं।

जनता दरबार में सर्वाधिक मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए थे। इनमें दो दर्जन से ज्यादा मामलों का आन द स्पाट निपटारा किया गया। एसपी ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही।

एसपी ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया।

एसपी ने बताया कि नियमित रूप से संचालित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं से अवगत होकर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित थानाध्यक्ष को आदेशित किया गया।

# सदर अस्पताल में खुलेगा साइकाइट्रिक वार्ड, मानसिक रोगियों को भर्ती कर होगा इलाज

**परवेज़ अख्तर/सीवान।** सदर अस्पताल में जल्द ही साइकाइट्रिक (मनोचिकित्सा) वार्ड शुरू होने जा रहा है। इसके शुरू होने के बाद मानसिक रोगों से पीड़ित और नशे की लत से जूझ रहे गंभीर मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज की सुविधा मिल सकेगी। अभी तक ऐसे मरीजों को केवल ओपीडी में दिखाकर दवा दी जाती थी, लेकिन गंभीर स्थिति वाले मरीजों के लिए भर्ती की व्यवस्था नहीं होने से स्वजन को काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार माडल सदर अस्पताल के भवन में वार्ड के लिए जगह का चयन कर लिया गया है और आगे की तैयारी की जा रही है।

वार्ड को आधुनिक सुरक्षा मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा, ताकि मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। नए साइकाइट्रिक वार्ड में वैसे मरीजों को भर्ती किया जाएगा, जिन्हें तत्काल निगरानी और इलाज की जरूरत होगी। इनमें गंभीर मानसिक तनाव, आक्रामक व्यवहार, आत्मघाती प्रवृत्ति तथा नशा छोड़ने के दौरान असामान्य मानसिक स्थिति का सामना कर रहे मरीज शामिल होंगे। अस्पताल प्रशासन के अनुसार जिला प्रशासन ऐसे मरीजों का इलाज 10 से 15 दिनों तक वार्ड में किया जाएगा। इस दौरान विशेषज्ञ डाक्टरों की निगरानी में दवा, काउंसिलिंग और व्यवहारिक उपचार दिया जाएगा। नई व्यवस्था लागू होने के बाद मरीजों को भर्ती कर नियमित दवा, चिकित्सकीय निगरानी और काउंसिलिंग उपलब्ध कराई जाएगी।अस्पताल प्रशासन के अनुसार गंभीर या आत्मधाती प्रवृति वाले मरीजों के लिए विशेष निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। अस्पताल कर्मियों को उत्तेजित मरीजों को शांत करने के लिए डि-एस्केलेशन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि बिना बल प्रयोग स्थिति नियंत्रित की जा सके। साथ ही पैनिक अलार्म और नियमित तलाशी अभियान की भी व्यवस्था रहेगी।

## उर्वरक दुकानों पर कृषि विभाग का छापा, अनियमियतता पर पांच दुकानों को नोटिस

**दैनिक खोज खबर/दारौंदा (सिवान)।** खरीफ फसल की तैयारी के बीच किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रखंड कृषि विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी कड़ी में 18 व 19 जून को प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामवीर सिंह यादव ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर पांच दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण के दौरान बीएओ ने दारौंदा, बगौरा, भीखाबांध समेत अन्य बाजारों में स्थित उर्वरक दुकानों पर पहुंचकर स्टॉक रजिस्टर, वितरण पंजी, उर्वरक खरीद पंजिका, ई-पास मशीन एवं अन्य अभिलेखों की गहन जांच की। उन्होंने दुकानदारों को प्रशासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरकों की बिक्री करने का निर्देश दिया।प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कहा कि किसानों से अधिक कीमत वसूलने या किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिलने पर संबंधित दुकानदारों का लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी विक्रेताओं को प्रतिदिन स्टाक एवं वितरण रजिस्टर अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने आम लोगों और किसानों से अपील की कि यदि कहीं बिना लाइसेंस उर्वरक की दुकान संचालित हो रही हो तो इसकी सूचना कृषि विभाग को दें। ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग की इस कार्रवाई से उर्वरक कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## सील किए क्लीनिक से हटी रोक

**आंदर (सिवान)।** जिला मुख्यालय के निर्देश पर आंदर प्रखंड के गौरा रोड स्थित अमन क्लीनिक पर लगी प्रशासनिक सील शनिवार को हटा दी गई। अनुमंडल कार्यालय सदर द्वारा जारी आदेश के आलोक में दंडाधिकारी की मौजूदगी में आंदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में क्लीनिक का ताला खोलकर जांच की गई। जांच के दौरान क्लीनिक से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों एवं संचालक द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने कागजात को संतोषजनक पाया। इसके बाद प्रशासन ने क्लीनिक को पुनः संचालित करने की अनुमति प्रदान कर दी। बताया जाता है कि जिला पदाधिकारी के आदेश पर पूर्व में अमन क्लीनिक को सील किया गया था।इसके बाद क्लीनिक संचालक डा. संतोष कुमार यादव ने प्रशासन के समक्ष वैध दस्तावेज एवं आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत किए। दस्तावेजों की जांच और सत्यापन के उपरांत जनहित एवं क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता को ध्यान में रखते हुए क्लिनिक की सील हटाने का निर्णय लिया गया। प्रशासन ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों के संचालन में नियमों का पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है तथा भविष्य में भी नियमित निगरानी जारी रहेगी।

## नहर में डूबने से युवक की मौत, शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मदारपुर बाजार से खवासपुर जाने वाली नहर पर स्थित केवारा पुल के समीप शनिवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मदारपुर निवासी असलम मदारी के 20 वर्षीय पुत्र आशिक अली के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते हीं स्वजनों के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह करीब आठ बजे स्थानीय लोगों ने नहर में एक युवक का शव देखा। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते हीं पुलिस पदाधिकारी मो. बेलाल दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नहर से बाहर निकलवाया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। स्वजनों ने बताया कि आशिक अली मानसिक रूप से बीमार था और उसे समय-समय पर दौरे भी आते थे। उसका इलाज चल रहा था। वह घर से अकेले नहर में नहाने के लिए गया था। आशंका जताई जा रही है कि नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष सविता कुमारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हीं मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में अब तक स्वजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## योग दिवस पर होगा सामूहिक योगाभ्यास, सांसद-विधायक करेंगे सहभागिता

**महाराजगंज (सिवान)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को अनुमंडल मुख्यालय स्थित स्वामी कर्मदेव जमुना राम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बाबा स्कूल) परिसर में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 6:30 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। आयोजक मानवेंद्र कुमार अभय ने बताया कि योग दिवस को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल तथा विधायक हेमनारायण साह भी शामिल होकर योगाभ्यास करेंगे। साथ हीं वे लोगों को नियमित योग अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक होने का संदेश देंगे। आयोजन समिति ने नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। आयोजकों का कहना है कि सामूहिक सहभागिता से योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ेगी और समाज में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होगी। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया जाएगा। साथ हीं योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। आयोजकों की मानें तो यह आयोजन क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता को नई दिशा प्रदान करेगा।

## बकाया मानदेय को लेकर आशा का धरना जारी, उठीं कई मांगें

**बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शनिवार को आशा ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व आशा संघ की प्रखंड अध्यक्ष माया देवी ने किया। इस दौरान आरोप लगाया गया कि मैरवा, गुठनी सहित कई क्षेत्रों में 11 माह से मानदेय का भुगतान लंबित है। उन्होंने सरकार से सभी बकाया राशि का जल्द भुगतान, आशा को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष करने, कार्य का नियमित मासिक भुगतान तथा दुर्घटना बीमा योजना लागू करने की मांग की। धरना के दौरान आशा ने नारेबाजी कर आक्रोश जताया और कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने 28 जून से प्रस्तावित पल्स पोलियो अभियान को भी भीषण गर्मी के कारण आगे बढ़ाने की मांग की। धरना के दौरान नारेबाजी कर आक्रोश जताया और कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं आंदोलन जारी रहेगा।